बिज़नेस भास्कर

Business Standard और TheEconomist की ख़बरों के साथ

पानीपत, बुधवार 11 नवंबर, 2026 5



फर्जी कस्टमर केयर नंबर से रहें सावधान

दैनिक भास्कर & SK FINANCE का एक संयुक्त प्रयास

साइबर सुरक्षा अभियान

Co-powered by KGK REALTY | JECRC UNIVERSITY

- गूगल या सोशल मीडिया पर मिले अनजान कस्टमर केयर नंबर पर भरोसा न करें।
- बैंक की वेबसाइट या कार्ड के पीछे दिए आधिकारिक नंबर पर ही संपर्क करें।
- कॉल पर ओटीपी, पिन, सीवीवी या पासवर्ड साझा न करें।
- समस्या हल करने के नाम पर अनजान ऐप डाउनलोड न करें।

साइबर सुरक्षा अभियान में भागीदार बनें

मिस्ड कॉल दें 8094-977-977

रिकवरी • सस्ते तेल, विदेशी निवेश से मिला सहारा

अक्टूबर में रुपया एशिया की दूसरी सबसे मजबूत करेंसी

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

भारतीय रुपए ने साल की शुरुआत में एशिया की सबसे कमजोर करेंसी में शामिल होने के बाद अब शानदार वापसी की है। अक्टूबर में यह 1% से ज्यादा मजबूत हुआ। इस तरह रुपया दक्षिण कोरिया की वॉन के बाद एशिया की दूसरी सबसे मजबूत प्रदर्शन वाली करेंसी बन गया। 30 सितंबर को रुपया 95.94/डॉलर था, जो 30 अक्टूबर को 94.76/डॉलर रहा।

वॉन 1.7% मजबूती के साथ एशिया की सबसे बेहतर प्रदर्शन वाली करेंसी रही। रुपए को आरबीआई के उपायों, कच्चे तेल के घटते दाम और विदेशी निवेशकों के लौटने से सहारा मिला। सोमवार को रुपया 21 पैसे मजबूत होकर 93.77/डॉलर पर बंद हुआ। नवंबर में भी अब तक रुपया 1.04% मजबूत हो चुका है।

रुपया 96.88 के रिकॉर्ड स्तर से 3.21% मजबूत हो चुका

तारीख 2026	कीमत (प्रति डॉलर)	बदलाव (पैसे)
30 सितंबर	95.94	0.00
08 अक्टूबर	96.88	▲ 0.13
12 अक्टूबर	95.78	▼ 0.93
13 अक्टूबर	95.36	▼ 0.42
21 अक्टूबर	94.38	▼ 0.53
30 अक्टूबर	94.76	▼ 0.50
04 नवंबर	94.46	▼ 0.29
06 नवंबर	93.98	▼ 0.43
09 नवंबर	93.77	▼ 0.21

बाजार में हिस्सेदारी का पैटर्न • विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़ने वाले शेयर औसतन 7.67% चढ़े

छोटे निवेशकों वाले शेयरों का उलटा हाल: हिस्सा बढ़ा तो भाव 3.6% गिरा, घटा तो 7% की उछाल

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

शेयर बाजार के जुलाई-सितंबर के आंकड़ों में एक उलटा पैटर्न दिख रहा है। जिन 1,109 कंपनियों में रिटेल निवेशकों का हिस्सा बढ़ा, उनके शेयर औसतन 3.6% गिर गए। जिन 1,098 कंपनियों में उनका हिस्सा घटा, उनके शेयर औसतन 7.06% चढ़ गए। दूसरी तरफ, जिन 819 कंपनियों में विदेशी निवेशकों का हिस्सा बढ़ा, उनके शेयर औसतन 7.67% चढ़े, जबकि उनकी हिस्सेदारी घटने वाली 935 कंपनियों के शेयर 2.02% गिरे।

प्राइम डेटाबेस समूह की प्राइमइन्फोबेस रिपोर्ट में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की कंपनियों का यह विश्लेषण किया गया है। इसका मतलब यह नहीं कि छोटे निवेशकों को इन शेयरों में नुकसान या फायदा हुआ। इनसे यह तय नहीं होता कि किसने किस भाव पर खरीदा या बेचा। म्यूचुअल फंडों की हिस्सेदारी लगातार 13वीं तिमाही बढ़कर रिकॉर्ड 11.82% पहुंच गई। इस विश्लेषण में एनएसई की मेनबोर्ड पर लिस्टेड 2,368 में से उन 2,321 कंपनियों के आंकड़े हैं, जिन्होंने 22 अक्टूबर तक शेयरहोल्डिंग पैटर्न जमा कर दिया था।

जानिए किसकी हिस्सेदारी बढ़ी-घटी और शेयर कितना चला

08 में से 5 निवेशक वर्गों का हिस्सा बढ़ा तो शेयर चढ़े; छोटे निवेशकों में 10.66 अंक का उलटफेर

निवेशक	कितनी कंपनियों में हिस्सा बढ़ाया	उन शेयरों का औसत हाल	कितनी कंपनियों में हिस्सा घटाया	उन शेयरों का औसत हाल
रिटेल निवेशक	1,109	▼ 3.60%	1,098	▲ 7.06%
विदेशी निवेशक	819	▲ 7.67%	935	▼ 2.02%
घरेलू संस्थान	720	▲ 5.54%	759	▼ 0.63%
म्यूचुअल फंड	526	▲ 2.93%	494	▼ 0.33%
बड़े व्यक्तिगत निवेशक	1,084	▲ 2.61%	902	▲ 1.22%
निजी कंपनियों के प्रमोटर	222	▲ 5.38%	398	▲ 4.21%
बीमा कंपनियां	336	▼ 0.05%	419	▲ 0.71%
एलआईसी	44	▼ 4.82%	127	▼ 0.78%

भाव में बदलाव जुलाई-सितंबर का है। घरेलू संस्थानों में म्यूचुअल फंड और बीमा कंपनियां भी हैं।

फासला घटा... म्यूचुअल फंड की हिस्सेदारी विदेशी निवेशकों के करीब

म्यूचुअल फंडों की हिस्सेदारी लगातार 13वीं तिमाही रिकॉर्ड 11.82% पहुंच गई। विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी 15.57% रह गई, जो 14 साल में सबसे कम। दोनों का अंतर सितंबर 2024 के 8.09 से घटकर 3.75 प्रतिशत अंक रह गया। म्यूचुअल फंडों ने तिमाही में खरीद-बिक्री का हिसाब मिलाने के बाद ₹1.22 लाख करोड़ लगाए।

विदेशियों ने 13,970 करोड़ लगाए, पर शेयर बाजार से निकाले 21,439 करोड़... विदेशियों ने एक्सचेंज पर पहले से कारोबार कर रहे शेयरों से खरीद-बिक्री का हिसाब मिलाकर ₹21,439 करोड़ निकाले। वहीं, कंपनियों के नए शेयरों और अन्य प्रतिभूतियों के जरिए पैसा जुटाने वाले बाजार में ₹35,409 करोड़ लगाए। इस तरह कुल ₹13,970 करोड़ का पैसा आया।

घरेलू निवेशकों की हिस्सेदारी रिकॉर्ड 28.81% पर... घरेलू संस्थानों की हिस्सेदारी 19.3% पहुंच गई। छोटे-बड़े व्यक्तिगत निवेशकों की हिस्सेदारी 9.5% रही। दोनों को मिलाकर यह रिकॉर्ड 28.81% हो गई। घरेलू संस्थानों ने तिमाही में ₹1.69 लाख करोड़ लगाए। हालांकि, व्यक्तिगत निवेशकों ने खरीद से ₹26,889 करोड़ ज्यादा की बिक्री की।

प्रमोटरों की हिस्सेदारी तीन साल में सबसे ज्यादा... कंपनी खड़ी करने वाले या उसका नियंत्रण रखने वाले प्रमुख निवेशकों यानी प्रमोटरों की हिस्सेदारी निजी कंपनियों के मामले में 41.34% से बढ़कर 41.93% हुई। यह तीन साल का उच्चतम स्तर है। वे लगातार चौथी तिमाही खरीदार रहे। हालांकि, खरीद-बिक्री के बाद बची खरीद 36,336 करोड़ से घटकर 6,595 करोड़ रही, यानी करीब 82% कम।

एक्सपर्ट व्यू



प्रणव हल्दिया, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्राइम डेटाबेस समूह

बाजार का मालिकाना हक अब देश के भीतर

- प्रमोटरों की लगातार खरीद इस बात का संकेत है कि बाजार नीचे का स्तर बना रहा है। प्रमोटर कई वजहों से बेचते हैं, पर उनकी खरीद हमेशा सकारात्मक संकेत देती है।
- म्यूचुअल फंडों की हिस्सेदारी बताती है कि आम निवेशकों को इन पर भरोसा है। आने वाली तिमाहियों में इनकी हिस्सेदारी विदेशी निवेशकों से आगे निकल सकती है।
- बाजार में मालिकाना हक का झुकाव लगातार देश के भीतर की ओर बढ़ रहा है। यह ट्रेंड शेयर बाजार की बढ़ती आत्मनिर्भरता को मजबूत करता है।
- वर्षों तक गैर-प्रमोटर निवेशकों में सबसे बड़ा वर्ग विदेशी निवेशक थे और बाजार की दिशा पर उनका बड़ा असर रहता था। अब ऐसा नहीं है। अब बाजार में घरेलू संस्थान और व्यक्तिगत निवेशक मिलकर संतुलन बना रहे हैं।

बिजनेस ब्रीफ

गिग इकोनॉमी... रेंट पर ई-दोपहिया की मांग बढ़ी

नई दिल्ली | भारत में किराए पर ई-दोपहिया की मांग बढ़ रही है। देश में 30 लाख से ज्यादा गिग वर्कर्स हैं, लेकिन सिर्फ 1.20 लाख किराए की इलेक्ट्रिक दोपहिया इस्तेमाल करते हैं। यूलू, जिप, बाज बाइक्स विस्तार तेज कर रही हैं। जिप 2 साल में 1 लाख बाइक जोड़ेगी। यूलू 2030 तक 12 से 75 शहरों में पहुंचेगी।

जियो, बॉश समेत 7 शेयर लार्जकैप बन सकते हैं

मुंबई | एम्फी के अगले वर्गीकरण में जियो प्लेटफॉर्म्स, एनएसई, जायडस लाइफसाइंसेज, एलजी, बॉश, लेंसकार्ट व लोढ़ा डेवलपर्स लार्जकैप कैटेगरी में शामिल हो सकते हैं। वहीं वेदांता, गोदरेज कंज्यूमर और टाटा कंज्यूमर समेत 7 कंपनियां मिडकैप बन सकती हैं। ये नई श्रेणियां फरवरी, 2027 से लागू हो सकती हैं।

लागत बढ़ी, एमआरएफ का मुनाफा 23% घटा

चेन्नई | जुलाई-सितंबर तिमाही में एमआरएफ का शुद्ध मुनाफा 23% घटकर ₹417 करोड़ रह गया। हालांकि, इस दौरान कंपनी की आय 17.4% बढ़कर ₹8,660 करोड़ रही। इस बीच कच्चे माल की लागत 43.2% बढ़कर ₹6,552.6 करोड़ होने से मुनाफे पर दबाव आया। कंपनी ने 3 रुपए प्रति शेयर अंतरिम लाभांश घोषित किया है।

फ्रंट पेज के शेष

जेनसन से तलाक हुआ तो लोरी को मिलेंगे 7.20 लाख करोड़ रुपए...

अब तक जेनसन की संपत्ति 6.92 लाख करोड़ तक घटी: एलिस-जेनसन के संबंधों और जासूसी मामले की जांच शुरू होने के बाद से एनवीडिया के शेयर 5% तक गिर चुके हैं। जेनसन की संपत्ति 6.92 लाख करोड़ रु. तक घट चुकी है। जेनसन फोर्ब्स की अमीरों की सूची में दो स्थान खिसककर 10वें पर आ गए हैं। इस उथल-पुथल के बीच निवेशक 17 नवंबर को आने वाले कंपनी के तिमाही नतीजों पर नजर टिकाए हुए हैं।

सोनिया गांधी की किताब लॉन्च; इसमें बेटा खोने का दर्द, प्रणब की पीएम बनने की इच्छा... सब कुछ...

6. राजीव की हत्या का अंदेशा: राजीव की सुरक्षा पर राहुल ने मार्च 1991 में चिंता जताई थी। कहा था कि सुरक्षा में सुधार नहीं हुआ तो उसे पिता के अंतिम संस्कार के लिए लौटना पड़ेगा। आखिर 21 मई 1991 को श्रीपेरंबदूर में हमले में राजीव गांधी की हत्या कर दी गई।

7. इंदिरा का गुस्सा: सोनिया लिखती हैं कि इंदिरा गांधी यानी उनकी सास कभी-कभी छोटी बातों पर भी गुस्सा हो जाती थीं। इसी गुस्से में उन्होंने एक वरिष्ठ नेता को दीवार की ओर मुंह करके खड़ा कर दिया था। सोनिया के मुताबिक, इंदिरा बाद में अपने व्यवहार पर पछतावा भी जताती थीं।

8. इमरजेंसी और संजय: सोनिया लिखती हैं कि संजय गांधी जल्दबाजी में फैसले लेते थे। संवैधानिक पद पर न होने के बावजूद संजय की इमरजेंसी के दौरान फैसले लेने में अहम भूमिका थी। परिवार नियोजन और जबरन नसबंदी के कार्यक्रमों को उन्होंने गलत तरीके से चलाया।

9. बच्चों ने संभाला परिवार: सोनिया ने राजीव की हत्या के बाद प्रियंका को परिवार की जिम्मेदारी संभालते हुए याद किया। उन्होंने लिखा कि प्रियंका ने उस मुश्किल घड़ी में खुद को संभाला और मां को भी सहारा दिया।

10. क्लिंटन का जिक्र: सोनिया ने 2000 में भारत दौरे पर आए अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन से मुलाकात का जिक्र किया। उन्होंने लिखा कि क्लिंटन कश्मीर पर अपनी राय रखने में दिलचस्पी दिखा रहे थे। वाजपेयी की ओर से आयोजित समारोह में सोनिया ने उन्हें महिलाओं को निहारते हुए भी देखा।

11. दो बार कैंसर का सामना किया: सोनिया ने बताया कि 2010 में उन्हें ब्रेस्ट कैंसर के लिए सर्जरी करानी पड़ी थी। एक साल बाद पैंक्रियास में गांठ मिली, जो शुरुआती प्रीकैंसरस अवस्था में थी। अगस्त 2016 में वाराणसी की रैली के दौरान गिरने से उनका कंधा भी बुरी तरह टूट गया था।

12. गुजरात दंगों पर: सोनिया ने लिखा कि 2002 के गुजरात दंगों की भयावह तस्वीरें टीवी पर देखकर पूरा देश सहम गया था। दंगों में ज्यादातर पीड़ित मुस्लिम थे। उन्होंने आरोप लगाया कि गुजरात से कांग्रेस नेताओं की मदद की गुहार के बावजूद प्रशासन ने कोई प्रभावी प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने हिंसा के पीछे भाजपा-संघ और बजरंग दल के कट्टरपंथी तत्वों की भूमिका का जिक्र किया।

13. भारत जोड़ो यात्रा: सोनिया ने जनवरी 2023 में कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा का प्रसंग साझा किया। उनके मुताबिक, भारी भीड़ के बीच राहुल के आसपास सुरक्षा कर्मी दिखाई नहीं दे रहे थे। उन्होंने कई लोगों को फोन किया। सुरक्षा बहाल होने तक यात्रा एक दिन रोकनी पड़ी।

14. लोकतंत्र पर चिंता: सोनिया ने लिखा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत उदार लोकतंत्र की सूची में काफी नीचे चला गया है। उन्होंने मीडिया, संवैधानिक संस्थाओं और विपक्ष की भूमिका कमजोर होने का आरोप लगाया। उनके मुताबिक, शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शनों की जगह भी लगातार सीमित होती गई है।

15. ऑपरेशन ब्लू स्टार: सोनिया लिखती हैं कि 1984 में ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद के दृश्य देखकर इंदिरा गांधी रो पड़ी थीं। उनकी आंखों में दर्द और पछतावे के साथ-साथ उस तरीके का दुख भी था, जिस तरह गोल्डन टेंपल में घेराबंदी खत्म हुई और बड़ी संख्या में जानें गईं। इस ऑपरेशन के बाद नेहरू-गांधी परिवार पर खतरा बढ़ गया था। इंदिरा गांधी ने उनसे कहा था कि बच्चे अकबर रोड में पहले की तरह न खेलें और शाम के बाद तो बिल्कुल नहीं। इंदिरा ने अपने सुरक्षा दल से सिख गार्ड हटाने से साफ इनकार कर दिया था, क्योंकि यह उनके सिद्धांतों के खिलाफ होता। लेकिन, आखिरकार इंदिरा को उन्हीं के सुरक्षा में तैनात दो सिख गार्ड्स की गोलियों से जान गंवानी पड़ी।

25 बड़े प्रोजेक्ट में देरी से 2 लाख करोड़ खर्च बढ़ा; इतने में 4200 स्कूल बनते...

एक्सपर्ट व्यू- हरिओम शर्मा, पूर्व प्रमुख-पीडब्ल्यूडी

कई बार लंबे प्रोजेक्ट में सरकार बदलने से प्राथमिकता बदलती है, फंड में देरी होती है : *कई बार लंबे प्रोजेक्ट के दौरान सरकार बदलने से जब नई सरकार की प्राथमिकता बदल जाती है तो फंड जारी होने में दिक्कतें भी आती हैं, उससे प्रोजेक्ट और डिले होते हैं लेकिन अब ऐसे उदाहरण चुनिंदा ही हैं। कुछ मेगा प्रोजेक्ट्स प्रशासनिक और नीतिगत बाधाओं के कारण अटके हैं। अब देश में इंफ्रा प्रोजेक्ट्स दो चरणों में होते हैं। पहले चरण में जमीन अधिग्रहण, पर्यावरण और वन मंजूरियां ली जाती हैं, जबकि दूसरे चरण में निर्माण कार्य शुरू होता है। 2013 के कानून से उचित मुआवजा मिलने के कारण विरोध कम हुआ है। टेंडर में प्रतिस्पर्धा के कारण कई प्रोजेक्ट्स तय बजट से 10-15 फीसदी कम लागत में बन रहे हैं। आने वाले समय में बहुस्तरीय निगरानी की वजह से देरी और लागत बढ़ने की समस्या तेजी से कम होगी।*

क्रिप्टो की नई जमीन: छोटे जिलों के सौदे बड़े, पर महानगरों में निवेशक ज्यादा

नई दिल्ली | भारत में क्रिप्टो निवेश का ट्रेंड दिलचस्प है। बड़ी डील छोटे जिलों में दिख रही है, लेकिन टैक्स चुकाने वाले सबसे ज्यादा बेंगलुरु-मुंबई जैसे बड़े फाइनेंशियल-टेक शहरों में हैं।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वीडीए (वर्चुअल डिजिटल एसेट यानी क्रिप्टो) से वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार को ₹585 करोड़ से ज्यादा टैक्स मिला। 2025-26 का आंकड़ा अभी उपलब्ध नहीं है क्योंकि रिटर्न अब भी फाइल किए जा रहे हैं। वीडीए लेन-देन की वैल्यू में टॉप-5 जिलों में उत्तर 24 परगना (पश्चिम बंगाल), मेडचल-मलकाजगिरी (तेलंगाना) और कोकराझार (असम) शामिल हैं। वहीं यूनिक डिडक्टी (निवेशक, जिनके लेन-देन पर टीडीएस कटा) की संख्या में बेंगलुरु अर्बन, मुंबई सबअर्बन और चेन्नई आगे हैं। एक सरकारी अधिकारी के मुताबिक, छोटे जिलों में निष्क्रिय बैंक खातों और लोगों के पैन के दुरुपयोग की आशंका रहती है। इनकम टैक्स विभाग ने एजेंसियों के तालमेल और नई टेक्नोलॉजी से ऐसे लेन-देन पकड़कर कार्रवाई की।

दौर • निवेशक दोगुने, टीडीएस 350 करोड़ से ज्यादा

पैमाना	पहले	2025-26
जिनका टीडीएस कटा	16.50 लाख	32.36 लाख
टीडीएस वाला लेन-देन	₹22,000 करोड़	₹35,000 करोड़
टीडीएस वसूली	₹220 करोड़	₹350 करोड़

नोट: सरकार ने शुरुआती वर्ष नहीं बताया। दोगुने का आकलन इसी बेस पर।

बिजनेस प्लस

मॉडल टायरा बैंक्स ने न्यूयॉर्क में कल्याण ज्वेलर्स के गहने पहने

न्यूयॉर्क | सुपरमॉडल और टेलीविजन होस्ट टायरा बैंक्स ने न्यूयॉर्क में एक दिवाली समारोह के दौरान कल्याण ज्वेलर्स के आभूषण पहनकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। बैंक्स ने इस शाम के लिए पूरी तरह से भारतीय लुक चुना, जो इस ग्लोबल आइकन के लिए पहली बार था।



कल्याण ज्वेलर्स के न्यू जर्सी शोरूम से लिए गए उनके आभूषण पारंपरिक 'ओपन-सेटिंग' वाले असली हीरों से हाथ से तैयार किए गए थे, जिनमें चोकर, झुमके, मांग टीका, ओडिय्यानम (कमरबंद) और अंगूठी शामिल थे। उनके कपड़े इस खास मौके के लिए डिजाइन हाउस 'मेसन ताई' द्वारा तैयार किए गए थे। एक सुपरमॉडल और 'अमेरिकाज नेक्स्ट टॉप मॉडल' की होस्ट बैंक्स एक बढ़ते हुए ट्रेंड को दर्शाती हैं कि दिवाली अब अमेरिकी मुख्यधारा की संस्कृति का हिस्सा बन रही है। एडिसन, न्यू जर्सी में अपना शोरूम खोलने के बाद से, अमेरिका में कल्याण ज्वेलर्स का यह दूसरा दिवाली समारोह है। इस ब्रांड का शिकागो में भी एक शोरूम है।

दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय
एन.एच.-120, गया-पंचानपुर रोड, गया-824236, बिहार
A++ NAAC

भर्ती सूचना-शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों हेतु

विज्ञा. सं०- सीयूएसबी/विज्ञा./49/2026 एवं सीयूएसबी/विज्ञा./50/2026, दिनांक 06 नवम्बर 2026

शैक्षणिक (प्राध्यापक/सह प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक) पदों तथा **गैर-शैक्षणिक** (ग्रुप 'ए', 'बी' एवं 'सी') पदों पर नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

योग्यता, अनुभव, भर्ती प्रक्रिया और अन्य दिशा निर्देशों का विवरण इस विज्ञापन के साथ विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.cusb.ac.in पर उपलब्ध हैं।

कुलसचिव

तिरुमला तिरुपति देवस्थानाम्स, तिरुपति
सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

"जन-हितैषी रेटोरिट्री पहल चिकित्सा मुख्य स्क्रीनिंगकेंद्री अस्पताल , तिरुपति के लिए सर्वेलेंसी (CCTV) कैमरों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, सभी खोई करने और सर्वाधिक स्थायन के कार्य के लिए, जिसमें तीन (03) वर्षों की एकमुश्त अनि-स्क्रीन वारंटी और पांच (05) वर्षों का एकमुश्त वार्षिक रखरखाव अनुबंध (CAMC) शामिल है, "ई-टेंडर द्वितीय आह्वान" (E-Tender 2nd call) आमंत्रित किया जाता है। निविदा दस्तावेज डाउनलोड के लिए 11.11.2026 को सुबह 11.00 बजे से उपलब्ध होगा। मोहलत (bids) जमा करने की अंतिम तिथि और समय 07.12.2026 को शाम 05.00 बजे तक है। प्रीबिड (निविदा-पूर्व) मीटिंग 18.11.2026 को सुबह 11.00 बजे आयोजित की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए, निविदा दस्तावेज देखने और डाउनलोड करने के लिए www.tirumala.org पर tender.eprocurement.gov.in पर जाएं। सुरक्षा के लिए, कार्य दिनों में सुबह 10.30 बजे से शाम 05.00 बजे के बीच 0877-2264279 पर संपर्क करें।"

कार्यकारी अधिकारी

TTD-40021(31)/1/2026-PRO SEC (Adv. No. 235) Date: 10-11-2026

पंजाब नैशनल बैंक ...जिस नाम पर आप भरोसा कर सकते हैं!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

ई-नीलामी सूचना

एसेट रिकवरी मैनेजमेंट ब्रांच, सेक्टर 13-17, पानीपत-132103

अचल संपत्तियों के लिए ई-नीलामी सूचना

ई-नीलामी की तिथि और समय : 03.12.2026 दोपहर 12.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन नियम, 2002) के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी सूचना।

इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) एवं गारंटर (रों) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो कि सुरक्षित लेनदार के पास बंधक /भारित है, जिसका रचनात्मक / भौतिक / सांकेतिक कब्जा बैंक / (सुरक्षित लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे संबंधित उधारकर्ता (ओं) एवं गारंटर (यों) से बैंक / सुरक्षित लेनदार को देय राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को **"जैसा है जहां है", "जैसी है जो है तथा "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य तथा बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित अनुसार होगी।

सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची

शाखा का नाम, ऋणी/गारंटर खाते का नाम एवं पता	अचल संपत्तियों का विवरण (गिरवी रखी गई / मालिक का नाम) (संपत्ति(यों) के गिरवी रखने वाले)	ए) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस की तिथि बी) इस तारीख तक बकाया राशि सी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जे की तारीख डी) कब्जे की प्रकृति सांकेतिक/भौतिक/ रचनात्मक	ए) आरक्षित मूल्य बी) ईएमडी सी) बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तारीख एवं समय
1. शाखा कार्यालय - एआरएमबी, सेक्टर 13/17, पानीपत उधारकर्ता: 1. मैसर्स श्री गणपति इंटरनेशनल, पता: प्लॉट नंबर 596, एचएसआईआईडीसी इंडस्ट्रियल एस्टेट, बरही, तहसील गन्नौर जिला-सोनीपत। 2. श्री नरेंद्र त्यागी पुत्र श्री बलजीत त्यागी (साझेदार) जोड़ें: मकान नंबर 196/7, वीपीओ- तेहा तहसील-गन्नौर, जिला- सोनीपत। 3. श्रीमती सुमन पत्नी श्री धर्मबीर (साझेदार) पता: वीपीओ हथवाला, तहसील- समालखा जिला-पानीपत 4. श्री धर्मबीर पुत्र श्री तिलक राम (गारंटर) पता: वीपीओ हथवाला, तहसील- समालखा जिला-पानीपत	यहाँ स्थित जमीन: 0 कनाल 17 मरला (यानी 510 वर्ग गज) के प्लॉट पर बने रिहायशी मकान का हिस्सा (70 कनाल 11 मरला में से 1/83 हिस्सा)। इसमें खेवट नंबर 134/121, खतौनी नंबर 157, रेक्ट नंबर 10 किला नंबर 24(5-10), 27(0-9), रेक्ट नंबर 21 किला नंबर 3/2(0-11) शामिल हैं। साथ ही, खेवट नंबर 135/122, खतौनी नंबर 158, रेक्ट नंबर 2 किला नंबर 21(8-0), रेक्ट नंबर 4 किला नंबर 1(8-0), 10/1(3-16), रेक्ट नंबर 5 किला नंबर 22(7-8), रेक्ट नंबर 10 किला नंबर 2/2(3-13) भी शामिल हैं। इसके अलावा, खतौनी नंबर 159, रेक्ट नंबर 5 किला नंबर 4(8-16), 21/2(4-0), रेक्ट नंबर 10 किला नंबर 18/1(3-0); खतौनी नंबर 160, रेक्ट नंबर 5 किला नंबर 5(8-0), रेक्ट नंबर 10 किला नंबर 17/2(3-12); और खतौनी नंबर 161, रेक्ट नंबर 1 किला नंबर 25(5-16) भी इसमें आते हैं। यह जमीन जिला सोनीपत के तहसील गन्नौर में, गन्नौर नगर पालिका की सीमा के भीतर, गाँव तेहा के राजस्व क्षेत्र में स्थित है। यह जमीन श्री धर्मबीर पुत्र श्री तिलक राम पुत्र हरफूल, निवासी वीपीओ हथवाला, तहसील समालखा, जिला पानीपत के नाम पर दर्ज है। ट्रांसफर डीड संख्या 4333 दिनांक 11.02.2020, SR गन्नौर के यहाँ पंजीकृत, म्यूटेशन संख्या 2895 और वर्ष 2024-2025 की जमाबंदी के अनुसार, इस संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर: 72 फीट 25 इंच ज्योति का प्लॉट , दक्षिण: 57 फीट (27 फीट चौड़ी गली), पूर्व: 71 फीट (18 फीट चौड़ी गली और रास्ता), पश्चिम: 75 फीट (सतपाल का प्लॉट)।	ए) रु. 73,07,685/- बी) रु. 7,30,768.50/- सी) रु. 50,000.00	03.12.2026 दोपहर 12.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक
	ए) 13(2) 17.01.2022 बी) 31.10.2026 तक रु. 1,85,15,079.10 (रु. एक करोड़ पचासी लाख पंद्रह हजार उन्यासी और दस पैसे मात्र) + आगे का ब्याज और शुल्क/खर्च सी) 13(4): 25.04.2022 डी) सांकेतिक कब्जा			

स्थानीय निकाय/राज्य/केन्द्र सरकार एवं अन्य निकाय को देने वाले बकाया की जानकारी बैंक को नहीं है।

नियम और शर्तें: यह बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी:

1. संपत्तियां **"जैसी हैं, जहां हैं", "जैसी हैं, वैसी हैं"** और **"जो कुछ भी है, उसी आधार पर"** बेची जा रही हैं।
2. सुरक्षित संपत्ति को (रिजर्व प्राइस + इंक्रीमेंटल बिड प्राइस) से कम कीमत पर नहीं बेचा जाएगा। न्यूनतम (पहली) बोली, रिजर्व प्राइस और एक इंक्रीमेंटल बिड राशि के योग के बराबर होगी।
3. ऊपर दी गई अनुसूची में बताई गई सुरक्षित संपत्तियों का विवरण अधिकृत अधिकारी की जानकारी के अनुसार दिया गया है, लेकिन इस घोषणा में किसी भी गलती, गलत बयान या जानकारी छूट जाने के लिए अधिकृत अधिकारी जिम्मेदार नहीं होंगे।
4. **बिक्री नीचे हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी द्वारा https://baanknet.com वेबसाइट पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऊपर बताई गई नीलामी की तारीख और समय पर की जाएगी।**
5. बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** देखें।
6. अधिकृत अधिकारी के पास किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने (यदि वे स्वीकार्य न हों), या नीलामी की शर्तों को किसी भी समय बिना कोई कारण बताए स्थगित/रद्द/टालने/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है और इस संबंध में उनका निर्णय अंतिम होगा।

सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के नियम 9(1) के अंतर्गत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना

उधार लेने वाले/गारंटर को सूचित किया जाता है कि वे ई-नीलामी की तारीख से पहले ऊपर बताई गई रकम, साथ ही अब तक का ब्याज और अन्य खर्चों का भुगतान करें। ऐसा न करने पर प्रॉपर्टी की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और अगर कोई बकाया रकम बचती है, तो उसे ब्याज और खर्चों सहित वसूल किया जाएगा।

दिनांक : 10.11.2026 स्थान : पानीपत प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला-147001)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : U40109PB2010SGC033813 वेबसाइट : www.pspcl.in
फोन नंबर: 96461-18774, ईमेल आईडी: semeteringpatiala@gmail.com

टेंडर पूछताछ संख्या MQP-277/2026-27/PR दिनांक: 06.11.2026

मुख्य अभियंता/मीटरिंग, सी-3, शक्ति विहार, पी.एस.पी.सी.एल. (PSPCL), पटियाला, पूरे पंजाब में एक नेटवर्क प्लेटफॉर्म के साथ 'ऑप्टिकल पोर्ट', ए.एम.आई. (AMI) सिस्टम और संचार बुनियादी ढांचे से युक्त, आई.एस.आई. (ISI) मार्क वाले एल.टी. ए.सी. 3 फेज, 4-वायर सी.टी. संचालित स्टेटिक, डी.एल.एम.एस. अनुपालन वाले एनर्जी मीटर (कैटेगरी-D3) के -/5 A, सटीकता श्रेणी (Accuracy Class) 0.5S (सक्रिय और प्रतिक्रियाशील दोनों ऊर्जा के लिए) के डिजाइन, आपूर्ति, परीक्षण, कमीशनिंग, एकीकरण, रीडिंग, विश्लेषण और 5 साल के ओ.एंड.एम. (O&M - संचालन और रखरखाव) के लिए ई-टेंडर आमंत्रित करते हैं। विस्तृत एन.आई.टी. (NIT) और टेंडर विनिर्देश के लिए कृपया 06.11.2026 शाम 7.00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in पर जाएं।

नोट: यदि कोई शुद्धिपत्र और परिशिष्ट होगा, तो वह ऑनलाइन https://eproc.punjab.gov.in पर प्रक